# श्री सर्वेश कुमार, माननीय स0वि0प0 से प्राप्त तारांकित प्रश्न सं0–01/208/117 का उत्तर प्रतिवेदन

| प्रश्न | उत्तर प्रतिवेदन |
|---|---|
| क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :–<br>(क) क्या यह सही है कि दरभंगा जिला के कमतौल बसैठा मधवापुर सड़क के किनारे मधवापुर प्रखंड में अवस्थित बैंगरा पंचायत वर्ष में 9 माह धौंस नदी के जल में डूबा रहता है यहाँ बाढ़ की समस्या बनी रहती है ; | वस्तुस्थिति यह है कि बैंगरा पंचायत कमतौल बसैठा मधवापुर सड़क (एस0एच0–75) के दोनों तरफ अवस्थित है। बैंगरा पंचायत से होकर धौस नदी बहती है, जिसका प्रवाह पश्चिम से पूरब की ओर है।<br><br>धौंस नदी एक बरसाती नदी है, जिसमें अत्यधिक जलश्राव की स्थिति में बैगरा पंचायत के निचले क्षेत्र में पानी का फैलाव होता है । जलश्राव घटने के उपरान्त इन इलाकों से पानी पुनः नदी में वापस चला जाता है ।<br><br>बरसात के समय में प्रश्नगत सड़क के पश्चिमी भाग में अवस्थित बैंगरा गाँव के पानी का निकास धौंस नदी से होते हुए दरभंगा–कमतौल–बसैठा–मधवापुर सड़क (एस0एच0–75) पर अवस्थित पुल से सुगमता पूर्वक होता है । |
| (ख) क्या यह सही है कि बरसात के समय में बैंगरा गांव में नदी का पानी पश्चिम की ओर से आती है जिसका बहाव दरभंगा कमतौल बसैठा मधवापुर सड़क के कारण रूक जाता है क्योंकि उक्त सड़क में बैंगरा गांव के समीप पानी बहाव का कोई प्रबंध नहीं किया गया है ? गांव के आम जनता को जलजमाव से काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है और यहाँ की फसलें भी डूब जाती है ; | |
| (ग) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं तो क्या राज्य सरकार के पास बैंगरा गांव में धौंस नदी के पानी से जल जमाव से निजात के लिए क्या कोई कार्य योजना है, यदि हाँ तो इसे सरकार कब तक करेगी और नहीं तो क्यों ? | |

**बिहार सरकार**

**जल संसाधन विभाग**

ज्ञापांक–25/वि0प0प्र0(सम0 –06–35/2024– /पटना, दिनांक–

प्रतिलिपि– अवर सचिव, बिहार विधान परिषद् सचिवालय, बिहार, पटना को तारांकित प्रश्न सं0–1/208/117 का उत्तर प्रतिवेदन (पाँच प्रति) सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0/–
(अनिल कुमार गुप्ता)
सरकार के उप सचिव

ज्ञापांक–25/वि0प0प्र0(सम0) –06–35/2024– /पटना, दिनांक–

प्रतिलिपि– उप सचिव, संसदीय कार्य विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0/–
(अनिल कुमार गुप्ता)
सरकार के उप सचिव

ज्ञापांक–25/वि0प0प्र0(सम0)–06–35/2024– /पटना, दिनांक–

प्रतिलिपि– प्रशाखा पदाधिकारी, प्रशाखा–17, जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0/–
(अनिल कुमार गुप्ता)
सरकार के उप सचिव

ज्ञापांक–25/वि0प0प्र0(सम0)–06–35/2024– 114 /पटना, दिनांक– 10/01/25

प्रतिलिपि– कार्यपालक अभियंता, आई0 टी0 सेंटर, जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

(अनिल कुमार गुप्ता)
सरकार के उप सचिव

Desktop-R.M.F./2025/ Sec-25/memo